# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, रविवार 30 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

12 महामाया मंदिर के शिखर पर कलश स्थापित





14 बाबा ने सत्य, अहिंसा और समानता का मार्ग दिखाया






## नवरात्रि विशेष



### प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रुप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती तो जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकर जी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकर जी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है।

वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम।
वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम।

पर्व : नौ दिनों तक होंगी मां दुर्गा की पूजा-आराधना

# नवरात्रि आज से, मंदिरों में स्थापित होंगे ज्योति कलश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

चैत्र नवरात्रि पर आज देवी मंदिरों में ज्योति कलश की स्थापना कर नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा-अर्चना होगी। नवरात्रि से पहले देवी मंदिरों में साफ–सफाई, रंग रोगन कर तैयारी की गई।

विदित हो कि 30 मार्च को चैत्र नवरात्रि के साथ हिंदू नववर्ष की भी शुरुआत हो रही है। इसे लेकर विभिन्न हिंदू धर्म से जुड़े संगठनों और समितियों द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई है। नवरात्रि से पहले देवी पूजा स्थल की सफाई विशेष रूप से की गई, जिनमें अर्जुनी के प्रमुख देवी मंदिर जैसे शक्ति पीठ महामाया माता मंदिर, मावली चौक, गायत्री माता, इंदिरा कॉलोनी मंदिर काली माता मंदिर, लोहिया नगर माता मंदिर काली मंदिर, शीतला माता मंदिर, बजरंग चौक शारदा माता मंदिर, शारदा चौक दुर्गा माता मंदिर, मावली माता मंदिर, कंकाली माता मंदिर स्थित देवी मंदिरों में रंग रोगन किया गया। वही अंचल के टोनाटार, नवागांव, खैरताल, मिरगी, टोपा-गोढ़ी जैसे गांवों के शक्ति पीठों में भी नवरात्रि आगमन की तैयारी पूरी कर ली गई है। बता दें कि चैत्र नवरात्रि के दौरान माता के विभिन्न रूपों की पूजा होती है।



इन मंदिरों में नौ दिनों तक भजन पूजन माता के जसगीत और ज्योति कलश की स्थापना की जाती है। इस बार नवरात्रि रविवार से शुरू हो रही है। शास्त्रों के अनुसार ऐसे संयोग में माता हाथी पर सवार होकर आती हैं। माना जाता है कि हाथी पर सवार माता का आगमन बहुत शुभ होता है। इस दिन कोई भी शुभ कार्य शुरू करना फलदायी रहेगा।

### इन बातों का रखें ध्यान

चैत्र नवरात्रि के दौरान साफ-सफाई की गई। दुर्गा शप्तसती का पाठ भी शुभ माना गया है। अष्टमी और नवमी के दिन कन्या पूजन के बाद उपवास खोला जायेगा। 9 दिनों तक विभिन्न विधियों के साथ खरीदारी और अन्य शुभ कार्यों के लिए भी शुभ होंगे। खास तौर पर वाहन, भूमि और सोने की खरीदारी शुभ रहेगी। बता दें कि 6 अप्रैल को रामनवमी के साथ नवरात्रि का समापन होगा। नवरात्रि में 9 दिनों तक देवी दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाएगी। पहले दिन मां शैलपुत्री, दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी, तीसरे दिन माता चंद्रघंटा, चौथे दिन कूष्माण्डा माता, पांचवें दिन स्कंदमाता, छठे दिन माता कात्यायनी, सातवें दिन माता कालरात्रि, अष्टमी के दिन माता महागौरी और नवमी पर मां सिद्धिदात्री की पूजा की जायेगी।

# नपा अध्यक्ष ने इफ्तार पार्टी का किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

रमजान के मुबारक मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह राजू भाटिया ने वार्ड क्रमांक 14 में स्थित ईमाम बाड़ा पर सिमगा मुस्लिम धर्मावलंबियों के लिए इफ्तार पार्टी का आयोजन किया।

इफ्तार पार्टी में उपस्थित सभी हजरातों देश एवं प्रदेश में अमन चैन की दुआ मांगी । इस मौके पर धर्मावलंबियों ने कहा कि सभी के बीच भाईचारे का वातावरण बना रहे।

इफ्तार पार्टी के मुबारक मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह राजू भाटिया ,मुतवल्ली हाजी पीर खान गौरी, युनुस कुरैशी, शाजिद खान, सलीम कुरैशी, अय्यूब मेमन, पार्षद मो,याकूब कुरैशी, बशीरुद्दीन एवं बड़ी संख्या में मुस्लिम जमात के लोग उपस्थित थे ।

## हिंदू नववर्ष का पर आज सुहेला में आयोजन

**सुहेला।** ग्राम में आज हिंदू नव वर्ष धूमधाम से मनाया जाएगा। ग्राम के विभिन्न हिंदू संगठनों जैसे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, पतंजलि, युवा भारत और गायत्री परिवार के सदस्य इस आयोजन में भाग लेंगे। हिंदू संगठन के लोगों ने अपील की हैं कि सभी अपने घर के दरवाजे के सामने पांच घी के दीए जलाएं, अपने घर के छत में एक भगवा ध्वज लहराए, रंगोली बनाए, दीपावली की तरह मनाए।

इस कार्यक्रम के तहत ग्राम के टिकट्डा चौक में महिलाओं द्वारा कीर्तन एवं हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जाएगा, साथ ही भारत माता ▶▶ शेष पेज 12 पर




# आनलाइन धोखाधड़ी के आरोप में 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



ऑनलाइन धोखाधड़ी करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों को धनबाद झारखंड एवं नयागढ़ उड़ीसा से हिरासत में लिया गया है। पुलिस के मुताबिक साइबर क्राइम करने वाले आरोपी फरियादी को वीडियोकॉल के माध्यम से डरा धमकाकर 3 लाख 48 हजार रुपए की धोखाधड़ी की है।

फरियादी ने बताया कि ऑनलाइन ठगी करने वाले आरोपी भोला उर्फ रोहित कुमार 22 वर्ष निवासी हरि मंदिर लोवर चौथाई कुल्ही अमतल धनबाद झारखंड, देवनाथ विसोई 20 वर्ष निवासी विजय मंडप गली ओडागांव उड़ीसा, कालूचरण बारीक 23 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 14 मथसरेजुरिया थाना ओडागांव उड़ीसा, शिबाशंकर अचारी 23 वर्ष निवासी जारीन थाना ओडागांव उड़ीसा को पुलिस ने गिरफ्तार कर ▶▶ शेष पेज 12 पर

### आरोपियों का शातिराना अंदाज

पुलिस को भोला उर्फ रोहित कुमार से पूछताछ में यह पता चला कि उसने बीए फाइनल तक की पढ़ाई की है, उसने ऑनलाइन फर्जी तरीके से फ्रॉड, ब्लैकमेलिंग कर अवैध लाभ कमाने के उद्देश्य से आइसीआइसीआई बैंक के साथ–साथ अन्य बैंक, इंडुरियल बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में खाता खुलवाया है। आरोपी द्वारा अपने फर्जी मोबाइल नंबर के माध्यम से लोगों को मनी लांड्रिंग केस में संलिप्त होने, क्रेडिट कार्ड का बकाया राशि, सीबीआई जांच आदि का डर दिखाकर व धमकाकर फर्जी तरीके से लोगों के साथ धोखाधड़ी की हैं। उधर नयागढ़ उड़ीसा निवासी अन्य तीन आरोपियों से पूछताछ पर बताया कि स्वयं के नाम से उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक में ऑनलाइन के माध्यम से साइबर फ्रॉड के लिए अकाउंट खोले। जिसमें जो भी फायदा होता है, इसका एक हिस्सा आरोपियों को दिया जाता है। आरोपियों के खोले गए अकाउंट में जब भी पैसा आता है, तो उसमें से 500–1000 रुपए आरोपियों को मिलता है। आरोपियों द्वारा साइबर फ्रॉड के माध्यम से मिलने वाले पैसों को ट्रांजैक्शन करने एवं खपाने का काम किया जाता है।

थाना पहुंचे ग्रामीण

# शराब-गांजा बिक्री करने वालों पर हो प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुड़ा

ग्राम धाराशिव ग्रामीण एकजुट होकर अवैध रूप से शराब व गांजा विक्रय करने वालों के खिलाफ शुक्रवार को लवन थाना पहुंचकर थाना प्रभारी केसर पराग को ज्ञापन सौंपा। इसमें अवैध रूप से शराब, गांजा बिक्री एवं जुआ–सट्टे के खुलेआम चलने पर आपत्ति जताते हुए पुलिस प्रशासन से त्वरित और सख्त कार्रवाई की मांग की। नशाबंदी को लेकर ग्राम पंचायत और महिला समितिया आगे आ रही है। सरपंच सम्मे बाई पटेल, उपसरपंच सुनीता चेलक, जनपद सदस्य कालिन्द्री सोनवानी, महिला समिति की पदाधिकारीगण एवं अन्य जागरूक नागरिकों ने इस सामाजिक बुराई के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। ग्रामीणों ने मिलकर अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए गांव स्तर पर अभियान चला रहे है, जिसके अंतर्गत वे स्वयं गांव में घूम–घूमकर अवैध शराब और गांजा विक्रेताओं पर नजर रखे हुए हैं। महिलाओं ने बताया कि वे स्वयं ऐसे स्थानों पर जाकर छानबीन कर रही हैं, जहां नशे से संबंधित अवैध कारोबार संचालित हो रहे हैं। उनका उद्देश्य गांव को नशामुक्त बनाना और युवाओं को इस जहर से बचाना है। वहीं ग्रामीणों द्वारा सौंपे गए आवेदन पर लवन थाना प्रभारी ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## खबर संक्षेप



### मोहरा के बस स्टैंड में पेयजल का शुभारंभ

हिरमी-रावन। बढ़ती गर्मी को देखते हुए ग्राम मोहरा के बस स्टैंड में यात्रियों एवं ग्रामीणों के लिए पेयजल सुविधा की शुरुआत की गई। इस सार्वजनिक सुविधा का उद्घाटन सरपंच प्रतिनिधि जवाहरलाल वर्मा एवं नवनिर्वाचित जनपद सदस्य पुष्पा सुखनंदन चेलक के करकमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। उद्घाटन के दौरान सरपंच प्रतिनिधि जवाहरलाल वर्मा ने कहा कि यह पेयजल व्यवस्था यात्रियों और स्थानीय नागरिकों की सुविधा के लिए अत्यंत आवश्यक थी। वहीं जनपद सदस्य पुष्पा सुखनंदन चेलक ने इस पहल को गर्मी में राहत देने वाला कदम बताया और भविष्य में भी जनहित में ऐसे कार्य करने का संकल्प लिया। स्थानीय ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और पंचायत द्वारा जनहित में किए गए इस कार्य को सराहा। व्यापारियों में छत्रपाल वर्मा, पूर्व सरपंच साधराम नवरंगे, संजय वर्मा, रमेश बर्तन मोहरा, हेमलाल फेकर, उपसरपंच चंदन लाल, पूर्व उपसरपंच राजेश वर्मा, प्यारेलाल वर्मा, राज कुमार बाघमार सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### छात्रों के विदाई समारोह में विविध कार्यक्रम




मुंडा। शासकीय प्राथमिक शाला पंजनी में कक्षा पांचवी के छात्र–छात्राओं का विदाई समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस मौके पर मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शिक्षकों ने कक्षा पांचवी के छात्र-छात्राओं से कहा कि वह जीवन में अपने माता-पिता के साथ-साथ गुरुओं का सम्मान करें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तौर पर भागवत प्रसाद चंद्राकर प्रधानपाठक प्राथमिक शाला कसियारा शामिल हुए। विदाई समारोह पर बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं जैसे गुपचुप खाना,आलू नड्डा खाना,डिस्को नड्डा खाना,गुब्बारा फुलाना,गुब्बारा फुलाकर बैठना,डांस करना,शिक्षकों की एक्टिंग के साथ-साथ अलग-अलग वस्तु दिखाकर नाम बताना जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षकों में लोमश कोसरे, विनोद पटेल,नरेंद्र साहू,अरुण रात्रे, सुता सेन,सुनीता ध्रुव,ज्यामिति,हुलसी वर्मा,गीतांजली पटेल,मनोज वर्मा,लक्ष्मीनारायण वर्मा के साथ–साथ शाला के समस्त बच्चें एवं रसोईया उपस्थित थे।

### विशाल बाइक रैली निकलेगी आज

**सरायपाली।** हिंदू नववर्ष के शुभ अवसर पर प्रत्येक घर, गली और बाजार में उल्लास का माहौल है। घर-घर में भगवा ध्वज लहराए जा रहे हैं, जिससे संपूर्ण शहर भक्ति और सांस्कृतिक उत्साह में डूबा हुआ नजर आ रहा है। आज हिंदू नववर्ष का भव्य आगाज होगा, जिसे लेकर नागरिकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। शहर में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। भजन संध्या, शोभायात्रा और दीप प्रज्वलन के माध्यम से नगरवासियों ने नववर्ष का स्वागत किया। शहर की प्रमुख सड़कों और मंदिरों को रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से सजाया गया है। विभिन्न संगठनों द्वारा शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना का भी आयोजन किया गया है। नगरवासियों का मानना है कि हिंदू नव वर्ष नए संकल्पों और सकारात्मक ऊर्जा के साथ जीवन में नई प्रेरणा लाता है। इस अवसर पर नगर प्रशासन ने भी सुरक्षा और व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए हैं, ताकि सभी नागरिक सुरक्षित और सुखद वातावरण में इस पर्व का आनंद उठा सकें।

# राज्य को बने 25 साल हो गए, जिस उद्देश्य से बनाया,वह पूरा नहीं हुआ

## जल, जंगल, जमीन, सुरक्षा, विकास, काम,और दाम देने की गारंटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

छत्तीसगढ़ विकास पार्टी के स्थापना दिवस पर सतनाम भवन पलारी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ विकास पार्टी के अध्यक्ष पूर्व सांसद पी आर खुंटे ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य को बने 25 साल हो गए हैं,लेकिन जिस उद्देश्य को लेकर छत्तीसगढ़ राज्य बनाया गया। वह उद्देश्य पूरा नहीं हुआ है। कांग्रेस भाजपा सरकार के प्रति आम मतदाताओं में जबरदस्त नाराजगी दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ विकास पार्टी की प्रदेश में सरकार आने पर वोटर पेंशन योजना लागू करेंगे। प्रत्येक मतदाता जो वोट डालेगा उसे 1750 रुपए मासिक वोटर पेंशन सम्मान निधि देंगे। इसके अलावा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने महिला सशक्तिकरण योजना लागू करने की गारंटी, 3500 प्रति क्विंटल, 21 किलो प्रति एकड़ धान खरीदी की गारंटी, पलायान रोकने या रोजगार नहीं मिलने पर 3000 मासिक बेरोजगारी भत्ता देने की गारंटी, निशुल्क शिक्षा- स्वास्थ,5 लाख तक के मुक्त इलाज की सुविधा, बिजली 300 यूनिट तक निशुल्क व पानी सिंचाई सुविधा मुफ्त देने की गारंटी होगी। उन्होंने कहा कि वन उपज को उचित समर्थन मूल्य में खरीदी, एससी एसटी के उत्थान के अलावा ओद्योगिक विकास के लिए बजट में अलग से प्रवधान की गारंटी, आदिवासियों को जल, जंगल, जमीन, सुरक्षा, विकास, काम,और दाम देने की गारंटी होगी।




### ये हुए उपिस्थत

इस अवसर पर नारायण दास, साहदेव रात्रे, उभेराम बरले शांति सोनवानी , डेहराम हिरवानी , इतवारीराम, शिवशंकर, भुनेश्वर मार्कंडेय, प्रेमनारायण, समलिया राम, दिलावर रात्रे, खोरबाहरा रात्रे,के के द्बुबे, खोरबाहरा वर्मा, नंदलाल कुशवाहा, यशवंत सिन्हा, रामलाल जाट, मानसिंह ठाकुर, भीमसिंह बरिहा, रामलाल बंजारे, लीला बांधे, तुलसी बाई, शांति सोनवानी, प्रिति मनहरे, नैनबती, शांति बाई निराला, वामिन बाई, पी.आर.गायकवाड, पुनीराम धिवर , इश्वर यादव, देवीचरण धिवर, रघु यादव, सुखनंदन जोशी, मोहन चेलक, दानी मनहरे, ओमप्रकाश यादव, श्रवण धीवर, दुर्गा प्रसाद, मूल चंद कुर्रे, शिव यादव, कमलेश जांगड़े, पुनाराम पटेल, श्यामलाल लाल देवांगन, सहित अनेक ग्राम पंचायत के पंच, सरपंच, अलग–अलग समाज की प्रतिनिधि साहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

## झेरिया धोबी समाज के वार्षिक अधिवेशन में युवाओं को शराब से दूर रहने अपील की

# समाज की उन्नति में सबसे बड़ा बाधा है नशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा





छत्तीसगढ़ झेरिया धोबी, रजक समाज सिमगा राज नेवधा पार का वार्षिक अधिवेशन ग्राम ओटगन में हुआ। इसमें चार राज नौ पार रायपुर संभाग के केंद्रीय अध्यक्ष अशोक निर्मलकर, उपाध्यक्ष खेलावन निर्मलकर, सचिव होलू राम निर्मलकर, कोषाध्यक्ष रमेश निर्मलकर, संचालक खौना राज डिजन निर्मलकर सहित सामाजिक बंधु बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अधिवेशन में ग्राम सिलपट्टी, टंडवा, नेवधा, उड़ेला, खिलोरा, कौशलपुर, अकलतरा, दरचुरा, चक्रवाय, ओटगन, सरोरा, भुरसुदा ग्राम के सामाजिक बंधु शामिल हुए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य शैल साहू के प्रतिनिधि महेंद्र साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजू शर्मा शामिल हुए। मुख्य अतिथि महेंद्र साहू ने कहा कि धोबी समाज के बिना अन्य समाज अधुरा है, कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता। हमें भी अपने समाज को आगे लाने के लिए अपने पैतृक व्यवसाय को बढ़ावा देने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि समाज की उन्नति में सबसे बड़ा बाधक है नशा। इसलिए नशा से दूर रहने की अपील की। कार्यक्रम को केंद्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार निर्मलकर ने भी संबोधित किया। उक्त अवसर पर जनपद सदस्य सेवती बैतल साहू, समाज के अध्यक्ष रामकुमार निर्मलकर, सचिव संतोष निर्मलकर, मंत्री भक्तू निर्मलकर, कोषाध्यक्ष नरसिंग निर्मलकर, सहसचिव नारायण निर्मलकर, संरक्षक बिसंभर निर्मलकर, चिंता निर्मलकर, मनोहर निर्मलकर, टाकेश्वर निर्मलकर, परदेशी निर्मलकर शामिल हुए।

### नई शराब दुकान खोलकर सरकार शराबखोरी को बढ़ावा दे रही सरकार

समाज की प्रगति व उन्नति के बारे में चिन्तन करें व अपने समाज को बढ़ावा दें, इसके लिए समाज में शिक्षा व अनुशासन जरूरी है। पौनी पसारी की जरूरत सभी समाज को है इसलिए ओटगन में भी पौनी पसारी के लिए दुकान बनना चाहिए। श्री शर्मा ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि आज प्रदेश में नई शराब दुकान खोलकर सरकार शराबखोरी को बढ़ावा दे रही, जिससे युवा पीढ़ी नशे के कारण बर्बाद होने के कगार पर है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि झन पिहु शराब नशा है खराब। उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा कुम्हारी जलाशय के लिए लंबी लड़ाई लड़ी गई और आज उसका परिणाम है कि 45 गांवों को पानी मिल रहा है।

# नियमितीकरण तक जारी रहेगी पंचायत सचिवों की हड़ताल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

छत्तीसगढ़ में पंचायत सचिवों के शासकीयकरण की मांग को लेकर प्रदेशभर में जारी अनिश्चितकालीन आंदोलन अब और तेज हो गया है। पलारी में सचिव संघ 11वें दिन भी धरने पर डटे रहे, जिससे पंचायतों का काम पूरी तरह से चरमरा गया है। पंचायत कार्यालय में ताला लटक गया है। अपने कार्य को लेकर ग्रामीण इधर उधर भटकने मजबूर हैं।

- हड़ताल से पंचायतों में लटका ताला, ग्रामीण व्यवस्था चरमराई

विगत दिनों प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र सिंह पैकरा के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ के प्रांतीय पदाधिकारियों एवं जिलाध्यक्षों का एक प्रतिनिधिमंडल उप मुख्यमंत्री एवं पंचायत मंत्री विजय शर्मा से रायपुर स्थित उनके सरकारी आवास पर मुलाकात करने पहुंचा पर नतीजा कुछ नहीं निकला, जिससे सचिव संघ ने हड़ताल जारी रखी। बैठक के दौरान पंचायत मंत्री विजय शर्मा ने सचिव संघ के प्रतिनिधियों को समझाने की कोशिश की और हड़ताल समाप्त करने पर जोर दिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि समिति की रिपोर्ट जल्द मंगवाई जाएगी और पंचायत सचिवों के शासकीयकरण पर विचार किया जाएगा। हालांकि, सचिव संघ के नेताओं ने सरकार की इस बात को नकारते हुए साफ कर दिया कि जब तक सरकार की ओर से शासकीयकरण का आदेश जारी नहीं किया जाता, तब तक प्रदेशभर में सचिवों की हड़ताल जारी रहेगी।

# ओटगन गांव में राम की कथा सुन भक्ति में डूबे ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

ओटगन में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी तीन दिवसीय रामायण का आयोजन किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले 49 वर्ष से गांव में रामकथा का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। तीन दिनों तक चली रामकथा सुनकर ग्रामीण राममय हो गए। समारोह में क्षेत्र के समाज सेवी एवं जिला पंचायत सदस्य शैल साहू के प्रतिनिधि के रूप महेंद्र साहू शामिल हुए। उन्होंने कहा कि समाज हित में हमेशा तत्पर वह तत्पर रहेंगे। उन्होंने जिला पंचायत क्षेत्र के सभी 34 ग्रामों के लिए घोषणा करते हुए कहा कि ऐसा कोई गरीब परिवार जो अपनी बेटी की शादी करने में सक्षम नही है, उस शादी का पुरा खर्च वे उठाएंगे। उन्होंने कहा कि दो वर्ष पूर्व से उनकी दो योजनांए चल रही है । जिसमें किसी परिवार में अगर पुत्री जन्म होता है तो वह आर्थिक सहायता देते हैं। वहीं दूसरी ओर कमजोर स्थिती वाले परिवार में निधन पर चावल व आर्थिक सहयोग दिया जा रहा है। श्री साहू ने कहा कि हम सभी को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के बताए आदर्शों पर चलना चाहिए। रामायण से हमें त्याग तपस्या बलिदान की सीख मिलती है। राम चरित मानस के पठन पाठन व श्रवण करने से जीवन धन्य हो जाता है।

इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजू शर्मा ने कहा कि गांव गांव में ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए। इन आयोजनों के माध्यम से हम सभी को अपने धर्म के बारे जानकारी मिलती है। वहीं महापुरुषों के जीवन तथा उनके आदर्शों पर चलने की सीख मिलती हैं। साथ ही हमें हिन्दू होने पर गर्व महसूस होता है। नागपुर की घटना के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि सभी सनातनी को अपने हिंदू धर्म की रक्षा करनी होगी। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण व रामायण श्रोता मौजूद थे।

## जल संरक्षण करने का लिया संकल्प

बगबुड़ा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतान(ख) बगबुडा में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने जल ही जीवन है, जल है तो कल है थीम पर शपथ ली। शपथ के दौरान कार्यक्रम अधिकारी एवं प्रभारी प्राचार्य चन्द्र कुमार बंछोर भूतपूर्व सैनिक के मार्गदर्शन में जल संरक्षण का गांव में जाकर लोगों को जल के महत्व के बारे में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, ताकि लोग जल का दुरुपयोग न करें, जल का स्तर दिनों दिन गिरता जा रहा है। भीषण मार्च के महीने से पड़ने लगी है। गांव में लोगों को जल के बचाव के बारे में प्रचार प्रसार करने कि जरुरत है। शपथ ग्रहण समारोह में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक भुनेश्वरी निषाद, पुष्पा धृतलहरे, मंजु कैवत, शालनी धीवर, दुगेशवरी चेलक, खुशबू वैष्णव, पुनम धीवर, संजना कुर्रे, माधुरी बंजारे, आकांक्षा सोनवानी, सुहानी कोशले स्वयंसेवकों ने भाग लिया। सभी स्वयंसेवकों ने रैली और घर-घर जाकर जागरूकता अभियान चलाने का संकल्प लिया।



## तालाब में निस्तारी के लिए पानी भरने जुटे युवा...



**बलौदाबाजार।** ग्राम पंचायत सकरी के प्रेमनगर स्थित तालाब में निस्तारी के लिए पानी भरने के लिए ग्राम के युवा भरी दोपहरी में कड़ी मेहनत कर रहे।

# गाय के साथ अप्राकृतिक कृत्य, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय में एक जघन्य अपराध और घिनौनी घटना का वीडियो सामने आया है। विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष अभिषेक तिवारी ने संज्ञान लेते हुए थाना प्रभारी से संपर्क कर उक्त वीडियो के आधार पर आरोपी बुधु पिता शिव यादव निवासी षष्ठी मंदिर वार्ड 20 के विरूद्ध पशुक्रूरता धार्मिक भावनाएं आहत करने एवं शांति भंग करने जैसी धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कराया, जहां पुलिस ने जांच के बाद आरोपी को जेल भेज दिया।

घटना की जानकारी देते हुए श्री तिवारी ने बताया कि शुक्रवार को फोन आया, जिसमें बताया गया कि एक व्यक्ति द्वारा गाय के साथ अप्राकृतिक यौन कृत्य किया गया है, जो सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। उसका वीडियो भी बना है। मैंने उक्त वीडियो अपने मोबाइल पर मंगवाया, जिसमें गलत हरकत करने वाले की पहचान बुधु यादव पिता शिव यादव 55 वर्ष निवासी षष्ठी मंदिर के पीछे वार्ड 20 के रूप में हुई। मैंने तत्काल इसकी सूचना थाना प्रभारी अजय झा को दी और यह भी कहा कि मामले में त्वरित कार्रवाई नही होने पर माहौल बिगड़ सकता है। इस पर संज्ञान लेते हुए थाना प्रभारी ने पशुक्रूरता धार्मिक भावनाओं को आहत करने साथ ही अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गौमाता पर प्रहार भी किया गया है, ऐसा प्रतीत हो रहा है। फिलहाल गौमाता का उपचार मोहल्लेवासियों एवं गौपालक जागेश्वर पटेल द्वारा किया जा रहा है। कार्रवाई की मांग करने वालों में प्रार्थी अभिषेक तिवारी जिला अध्यक्ष विहीप के साथ बजरंगदल नगर संयोजक रवि यादव, गौसेवक जागेश्वर पटेल और मन्नूलाल यादव शामिल थे।

- विहीप ने वीडियो वायरल होने पर लिया एक्शन और दर्ज कराया अपराध, पुलिस ने की कार्रवाई

## महामाया मंदिर के शिखर पर कलश स्थापित

**हिरमी–रावन।** ग्राम मोहरा स्थित प्राचीन महामाया देवी मंदिर के शिखर पर गुरुवार को विधि–विधान से कलश स्थापना की गई। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि जवाहर वर्मा उपस्थित थे। मंत्रोच्चार और पूजा–अर्चना के साथ मंदिर के शिखर पर धातु का कलश स्थापित किया गया, जिससे मंदिर की भव्यता और आध्यात्मिक ऊर्जा में और वृद्धि हुई। कलश स्थापना के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। मंदिर के पुजारियों ने वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ कलश को स्थापित किया और माता महामाया से गांव की सुख–समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मंदिर समिति एवं ग्रामवासियों ने मिलकर आयोजन को सफल बनाया। सरपंच प्रतिनिधि जवाहर वर्मा ने कहा कि महामाया देवी मंदिर ग्रामवासियों की आस्था का केंद्र है और इस कलश स्थापना से श्रद्धालुओं की भक्ति और अधिक सशक्त होगी। उन्होंने मंदिर परिसर के विकास के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। कलश स्थापना के साथ ही नवरात्रि महोत्सव भी मनाया जायेगा। आने वाले दिनों में माता की विशेष पूजा–अर्चना, भजन–कीर्तन और भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल होंगे।



## इफ्तार दावत में शामिल हुए विधायक संदीप साहू

# इफ्तार से सामाजिक सौहार्द्र को मिलती है मजबूती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



नगर पंचायत पलारी के जामा मस्जिद में मुस्लिम जमात द्वारा आयोजित इफ्तार पार्टी में सौहार्द और भाईचारे की मिसाल देखने को मिली। कार्यक्रम में कसडोल विधानसभा क्षेत्र के विधायक संदीप साहू, नगर पंचायत पलारी के अध्यक्ष गोपी साहू, जिला पंचायत सदस्य रवि बंजारे, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष मनीष चंद्राकर, ललित घृतलहरे, मुस्लिम जमात से मुतवल्ली इस्लाम बेग, मोहम्मद अली, आजम खान, जहान बेग, प्यार बेग फांजल खान, आज बेग, शेर खान, सुल्तान खान, अजमेर खान, कुश अग्रवाल, शेखर वर्मा, रज्जाक खान सहित पार्षदगण स्थानीय लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। इफ्तार पार्टी में सभी धर्मों और वर्गों के लोगों की उपस्थिति से समाज में आपसी प्रेम और एकता का संदेश गया। विधायक संदीप साहू ने मुस्लिम समाज के साथ बैठकर इफ्तार किया और रमजान के पवित्र महीने की बधाई देते हुए सभी को आगामी ईद त्योहार की मुबारकबाद दी। उन्होंने कहा कि ईद का त्योहार मुस्लिम समाज के लिए विशेष महत्व रखता है और इसे सभी को मिलकर मनाना चाहिए। विधायक साहू ने इस मौके पर अमन, शांति और भाईचारे की कामना की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में शांति बनी रहे और समाज में आपसी प्रेम और सद्भावना बढ़े, यही हमारी दुआ है। इस इफ्तार कार्यक्रम से सामाजिक सौहार्द को मजबूती मिली और यह दर्शाया कि हमारे समाज में विविधता के बावजूद सभी धर्मों के लोग एक–दूसरे के सुख–दुख में साथ खड़े होते हैं। इस तरह के आयोजन से समाज में आपसी समझ और मेलजोल बढ़ता है। इफ्तार पार्टी में उपस्थित सभी लोगों ने एक साथ रोजा खोलकर एकता और भाईचारे का परिचय दिया।

## पेज 9 के शेष

### आनलाइन धोखाधड़ी ..

लिया है। पुलिस के अनुसार थाना सिटी कोतवाली में फिरयादी ने मामला दर्ज कराकर कहा कि 15 जनवरी को उसके मोबाइल नंबर पर एक नए नंबर से कॉल आया। उस नंबर से आरोपियों द्वारा कहा गया कि आपका क्रेडिट कार्ड का बैलेंस बकाया है। आप मनी लांड्रिंग केस में शामिल हैं। उसके बाद धमकी देकर कोर्ट के वारंट की प्रति व्हाट्सएप के माध्यम से उसके के मोबाइल में प्रेषित कर डराते हुए आरोपियों द्वारा एक क्यूआर कोड भेजा गया । साथ ही फरियादी से कहा गया कि उस क्यू आर कोड में पैसा जमा करें।

फरियादी ने पुलिस को बताया कि डर के कारण 15 से 22 जनवरी तक अलग–अलग समय में कुल 3 लाख 48 हजार रूपए यूपीआई के माध्यम से आरोपियों द्वारा भेजे गए अलग–अलग क्यू आर कोड में ट्रांसफर किए। इस बीच आरोपियों द्वारा वीडियो कॉल, व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से स्वयं को पुलिस हैडक्वाटर दिल्ली का सीबीआई अधिकारी बताते हुए फरियादी को कई बार धमकी भी दी गई। पुलिस ने शिकायत पर थाना सिटी कोतवाली में धारा 318(4),308(7) बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया । पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए चार आरोपियों को धनबाद, झारखंड एवं नयागढ़ उड़ीसा से हिरासत में लिया । आरोपियों से विस्तृत पूछताछ कर मेमोरेंडम कथन लेने पर आरोपियों द्वारा धोखाधड़ी करना एवं रकम को विभिन्न म्यूल खाता के माध्यम से आहरण करना पाया गया।

### हिंदू नववर्ष का ...

की आरती भी होगी। वहीं ग्राम के महामाया चौक में सतबहिनिया दुर्गोंउत्सव समिति सुहेला द्वारा सेवा गीत, हनुमान चालीसा पाठ, श्रीराम स्तुति और भारत माता की आरती का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। ग्रामवासियों से अपील की गई है।


अरुण परिवार की ओर से नवरात्र पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
एक ही छत के नीचे सम्पूर्ण श्रृंखला
आपकी तरक्की में हाथ.. अरुण के कृषि यंत्रों का हाथ
अरूण ट्रेड कम्बाइन्स - कृषि उपकरणों की निर्माण में अग्रणी. हम बनाते हैं कृषि उपकरणों की वृहद श्रंखला.
अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण सर्वाधिक उपयोग में आने वाले उपकरण, जो बनते हैं बेस्ट पार्ट्स व कॉम्पोनेंट्स से.
अशोका सुपर डीलक्स थ्रैशर
शासन द्वारा अनुदान उपलब्ध
एलिवेटर मॉडल भी उपलब्ध
मजबूती का हाथ.. किसानों के साथ
• 5 फैन मॉडल
• 6 फैन मॉडल
• 7 फैन मॉडल
आसान फाइनेंस की सुविधा
बिक्री पश्चात सेवा सुविधा
ट्रेक्टर लोडर
ट्रेक्टर कम्प्रेशर
कॉन्क्रीट मिक्सर
ट्रेक्टर ट्रेलर
कुट्टी मशीन
ट्रेक्टर हार्वेस्टर कंबाइन
ट्रेक्टर लोडर
फोर्क लिफ्ट
ट्रेक्टर हॉलर मिल
ट्रेक्टर क्रेन
ट्रेक्टर पोल इरेक्टर
मिनी ट्रेक्टर विथ लोडर
लेवलर
ट्रेक्टर कुट्टी मशीन
रीपर
ट्रेक्टर ज़ायरोवेटर
वाटर टैंकर
ट्रेक्टर ट्रेंचर
हाइड्रॉलिक ग्रेडर
अरुण ट्रेड कम्बाईन
माना रोड, देवपुरी, रायपुर (छ.ग.) मोबाइल - 95168 55103
बलौदाबाजार - 9826611773 • भाटापारा - 9827122192
नयापारा - 9926148053 • अभनपुर- 8770557440
sumitadvertisers

## खबर संक्षेप

### नवोदय विद्यालय में अंश खुंटे का हुआ चयन



**पवनी।** गुरु घासीदास इंग्लिश मीडियम स्कूल गिरौदपुरी के कक्षा पांचवी के छात्र अंश खूंटे का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है। अंश खूंटे के पिता लक्ष्मी कुमार खूंटे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गिरौदपुरी में व्याख्याता है। अंश के चयन होने पर रामायण बाई निराला डायरेक्टर बलराम निराला प्राचार्य, श्रवण कुमार जयसवाल नोडल अधिकारी, दिनुराम घृतलहरे संकुल समन्वयक, धनीराम रात्रे एवं संस्था के सभी शिक्षक,कर्मचारी तथा गणमान्य नागरिकों ने हर्ष प्रकट करते हुए उज्जवल भविष्य की कामन ा की है।

### चैत्र नवरात्रि पर्व पर मुंडा में आज से भागवत कथा



**बलौदाबाजार।** चैत्र नवरात्रि पर्व एवं हिन्दु नववर्ष के अवसर पर ग्राम मुंडा में स्व गेंदराम तिवारी की स्मृति में भागवत कथा का आयोजन 30 मार्च से 7 अप्रैल तक किया जाएगा। इसमें कथा वाचक पंडित नागेन्द्र पुरूशोत्तम प्रसाद चतुर्वेदी होंगे। आयोजक सतीश तिवारी ने बताया कि भागवत कथा के शुभारंभ के अवसर पर भव्य कलशयात्रा निकाली जाएगी। भागवत कथा हर रोज शाम तीन बजे से प्रारंभ होगी। कथा के पहले दिन व्यासपीठ पूजा, आचार्य के सम्मान के पश्चात भगवान कृष्ण की समस्त लीलाओ की कथा सात दिन तक चलेगी। कथा के दूसरे दिन सतीचरित्र, ध्रुव चरित्र,व जडभरत कथा होगी। वहीं तीसरे दिन प्रहलाद चरित्र, अजामिल कथा, चौथे दिन वामन अवतार, कृष्ण जन्मोत्सव, पांचवे दिन कृष्णलीला, महारास उद्धव गोपी संवाद, सातवे दिन रुकमणी विवाह व सातवें दिन सुदामा चरित्र , राजसूय यज्ञ के साथ परिक्षित मोक्ष के साथ कथा का समापन किया जाएगा। इसके साथ ही 6 अप्रैल को गीतापाठ, तुलसी वर्षा हवन, सहस्त्र धारा के साथ भोगभंडारे का आयोजन होगा।

### साहू समाज के प्रतिनिधियों ने जनपद सदस्य से की मुलाकात

**पलारी।** जनपद पंचायत पलारी के क्षेत्र क्रमांक 4 के जनपद सदस्य जामवंती नीलकमल साहू को उनके निवास में साहू समाज के प्रमुखों ने मुलाकात कर शाल, स्मृति चिन्ह भेंट कर जीत की बधाई दी। जनपद सदस्य प्रतिनिधि नीलकमल साहू ने उपस्थित वरिष्ठजनों का आभार प्रेषित करते हुए आश्वस्त किया कि जनपद क्षेत्र के विकास के लिए संकल्पित हूं। शासन के सभी योजनाओं को प्रत्येक व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का पूर्ण निष्ठा के साथ प्रयास करूंगा। इस अवसर पर समाज के प्रमुख पदाधिकारी मौजूद थे।

### जहर सेवन से युवक की मौत

**धमतरी।** शारीरिक बीमारी से परेशान एक युवक ने कीटनाशक दवाई का सेवनकर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार यशवंत निषाद पिता जोईधा उम्र 46 वर्ष ग्राम साल्हेभाट थाना केरेगांव निवासी की हमेशा तबीयत खराब रहती थी जिसका उपचार चल रहा था।

# नगर में तीन दिवसीय संत समागम शुरू, सतग्रंथ कथा वाचन एवं गुरु गद्दी पूजा जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा



इस वर्ष भी गुरु घासीदास बाबा के गुरु आसन में तीन दिवसीय गद्दीपूजा पूजा व संत समागम, सतनाम भजन सतग्रंथ कथा वाचन सतनाम धाम राजीव नगर, खरोरा में आयोजन किया जा रहा है। इसमें संत समाज सतनाम भजन गायक, कथा वाचकों को आमंत्रित किया गया है। तीन दिवसीय आयोजन में 31 मार्च सोमवार को सतनाम संदेश कलश यात्रा निकालकर गुरु गद्दी आसन स्थापना, संत समागम एवं अखंड ज्योति प्रज्वलन कर शुभारंभ किया जाएगा। शुभारंभ पश्चात सतनाम भजन की प्रस्तुति होगी। प्रतिदिन संध्या 6.30 बजे महाआरती होगी तथा वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता वेदराम मनहरे द्वारा सतनाम भोजन भंडारा रखा गया है। वेदराम मनहरे ने बताया 1 अप्रैल मंगलवार को आरती पश्चात सत्संग सतनाम भजन कथा वाचन का श्रवण करने को मिलेगा। 2 अप्रैल को कथा वाचन एवं शाम 3 बजे खरोरा परिक्षेत्र के नवनिर्वाचित सामाजिक जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया जाएगा। 3 अप्रैल गुरुवार को सतधारा सतनाम अमृत वर्षा, कलश यात्रा, महाप्रसादी पश्चात विसर्जन कर तीन दिवसीय गुरु गद्दीपूजा का समापन किया जाएगा।

## सतनाम सतग्रंथ समारोह में हुई गुरु बाबा की पूजा



### बाबा ने सत्य, अहिंसा और समानता का मार्ग दिखाया

**पलारी।** ग्राम सेम्हराडीह में तीन दिवसीय सतनाम सतग्रंथ समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य महेंद्र मोनू साहू द्वारा गुरु बाबा के जैतखाम समक्ष उन्हें स्मरण करते हुए दीप प्रज्ज्वलन कर किया। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य धन्नू साहू ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में महेंद्र मोनू साहू ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने समाज को सत्य, अहिंसा और समानता का मार्ग दिखाया। हमें उनके दिखाए रास्ते पर चलकर समाज में समरसता स्थापित करनी होगी। धन्नू साहू ने कहा कि मनखे– मनखे एक समान केवल एक नारा नहीं बल्कि इसे जीवन में अपनाने की जरूरत है। जब तक समाज में समानता की भावना विकसित नहीं होगी तब तक सच्ची प्रगति संभव नहीं है। देवप्रसाद मारकंडे ने आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम का मंच संचालन नन्दकुमार टण्डन ने किया। इस अवसर परपनमेश्वर साहू, आशीष वर्मा, तीरथ रात्रे, देवप्रसाद मारकंडे, नंदकुमार टण्डन, कामता चतुर्वेदी, धर्मेन्द्र टण्डन, दयावंत जांगड़े, पुनाराम जांगड़े, विजय जांगड़े, हेमन टंडन, देवकुमार डहरिया, परमेश्वर मारकंडे एवं आयोजक समिति सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

**हेलीकाप्टर से गृहग्राम पहुंचे मंत्री का छात्रों ने किया स्वागत**

# लक्ष्य प्राप्ति के लिए कठिन परिश्रम ही सर्वोपरि : टंकराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला

खेलकूद एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा हेलीकॉप्टर से अपने गृहग्राम पहुंचे, जहां उनका ग्रामवासियों और स्कूल के बच्चों ने भव्य स्वागत किया। यह उनके लिए एक खास पल था, क्योंकि गांव में अब तक कभी हेलीकॉप्टर नहीं आया था और ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों की इच्छा थी कि मंत्री एक बार हेलीकॉप्टर से गांव आएं।

स्वागत समारोह में स्कूल के बच्चों ने भी मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया और बताया कि उन्हें हेलीकॉप्टर देखने का सपना था, जो आज पूरा हुआ। मंत्री टंकराम वर्मा ने इस अवसर पर ग्राम के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांपा में बच्चों से मुलाकात की और उन्हें मोटिवेशनल क्लास दी। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि उन्हें हमेशा बड़ा लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए और कठिन परिश्रम से सफलता की ओर बढ़ना चाहिए।

कार्यक्रम के अंत में, ग्रामवासियों ने मंत्री को शाल और शील्ड भेंट कर सम्मान किया। ग्रामीणों ने इस कार्यक्रम को लेकर खुशी जताई और मंत्री का आभार जताया।

मंत्री टंकराम वर्मा ने बताया कि हाई स्कूल, हायर सेकंडरी स्कूल के बच्चों की परीक्षा समाप्त हो गई है। आज थोड़ा सा मोटिवेशनल स्पीच था और साथ ही गांव में अखंड नवधा रामायण का आयोजन था। इस कार्यक्रम में यहां पहुंचे थे, आज बच्चों के बीच आए बहुत अच्छा लगा।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांपा के प्रभारी प्राचार्य भारती मढरिया ने बताया मंत्री टंकराम स्कूल प्रांगण में आए थे, बच्चों की मोटिवेशनल क्लास ली। कहानी के माध्यम से बच्चों को अच्छे-अच्छे बात बताएं, जीवन में आगे बढ़ाने की जानकारी दी जो हमें बहुत अच्छा लगा।

ग्रामीण महिला दुलारी ने बताया हमारे बच्चों को पढ़ाई करते हुए कैसे अच्छे तरीके से मेहनत करना सिखाए गया और कहानी के माध्यम से अच्छे-अच्छे बातें बताएं। हम लोग पहली बार हेलीकॉप्टर देखे हैं। हमारे गांव में आए तो हमें बहुत ही अच्छा लगा, हमें बहुत खुशी हो रही है कि आज हमारे गांव का व्यक्ति मंत्री है और हेलीकॉप्टर हमारे गांव में लेकर के आए हमें बहुत ही गर्व महसूस हो रहा है।

## मंत्री ने बच्चों को दिया मोटिवेशनल संदेश





### छात्रों ने मंत्री के आगमन पर जताया हर्ष

कक्षा 11वीं की छात्रा दुर्गेश्वरी ने बताया कि मंत्री के आने से हमें बहुत अच्छा लगा। कहानी के माध्यम से हमें बहुत कुछ सीखने को मिला। जीवन में आगे बढ़ना हो तो कठिनाइयों को हंस कर पार करना चाहिए और कठिन परिश्रम करने से सफलता अवश्य मिलती है। सभी लोग सोचते हैं की इंग्लिश मिडियम वाले ही आगे बढ़ पाते हैं तो ऐसा नहीं है, हिंदी मध्यम वाले भी आगे बढ़ पर वह मुकाम हासिल कर सकते हैं जो इंग्लिश मीडियम वाले कर सकते हैं। अंत में लक्ष्य प्राप्ति के लिए कठिन परिश्रम ही सर्वोपरि होता है बताया। मंत्री के आने से हमें बहुत अच्छा लगा।

### छोटी-छोटी कहानियों के माध्यम से बच्चों को दिया संदेश

मंत्री वर्मा ने विभिन्न छोटी-छोटी कहानियों के माध्यम से बच्चों को यह संदेश दिया कि समय का सही उपयोग और निरंतर अभ्यास से जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि अपने लक्ष्य के प्रति इमानदारी और मेहनत से ही बड़े परिणाम मिलते हैं ।कार्यक्रम में कक्षा पहली से लेकर कक्षा 12वीं तक के छात्र-छात्राएं भारी संख्या में उपस्थित थे और मंत्रियों के संदेश को ध्यानपूर्वक सुना। मंत्री वर्मा के बेटे एवं पुणे के सिनैकोन टेक्नोलॉजी सॉफ्टवेयर कंपनी के डॉयरेक्टर पुष्पराज वर्मा ने भी बच्चों को कठिन परिश्रम और निरंतर अभ्यास के महत्व के बारे में बताया और उन्हें प्रेरित किया कि उन्हें हमेशा अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित करके उस दिशा में काम करना चाहिए।



# पारंपरिक खेल महोत्सव में युवाओं ने दिखाया हुनर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में 29 मार्च को जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना अंतर्गत पारंपरिक छत्तीसगढ़ खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन में तीन आयु वर्ग 9 से 14 महिला–पुरुष, 14 से 19 महिला–पुरुष एवं 19 से 40 महिला–पुरुष के खेल फुगड़ी, रस्साकसी, कुश्ती, लंगड़ी दौड़, गेंड़ी दौड़, भौंरा, कबड्डी गिल्ली डंडा, खो–खो, संखली एवं रस्सीकूद की प्रतियोगिता की गई। खेल महोत्सव में जिले के सभी विकासखंड से लगभग 250 से 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

▪ तीन आयु वर्ग में आयोजित की गई अलग-अलग प्रतियोगिताएं

पुरस्कार वितरण समारोह में तीन आयु वर्ग 9 से 14 महिला–पुरुष, 14 से 19 महिला–पुरुष एवं 19 से 40 महिला–पुरुष के विजेताओं और उपविजेताओं को शील्ड और व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। खेल अधिकारी ने खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की और उन्हें आगे भी इसी तरह सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया। खेल अधिकारी ने सभी गतिविधियों की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए खिलाड़ियों के उत्साह और सहभागिता की प्रशंसा की। यह आयोजन केवल खिलाड़ियों को फिटनेस और खेलों के प्रति जागरूक किया बल्कि उनके सामूहिक सहयोग और ऊर्जा को भी उजागर किया। इस आयोजन को सफल बनाने में शिक्षा विभाग बलौदाबाजार के व्यायाम शिक्षक और खेल एवं युवा कल्याण बलौदा बाजार के समस्त नोडल अधिकारियों सहयोग रहा।

# 83 ने सीखे ब्यूटीशियन और सिलाई के गुर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढावा देने के लिए अल्ट्राटेक रावन सी. एस .आर द्वारा ब्युटीशियन, सिलाई व कंप्यूटर 83 महिलाओं को तीन महीने तक प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इस दौरान कंप्यूटर में 39, सिलाई में 33 और ब्युटीशियन में 11 प्रतिभागियों ने भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

▪ तीन महीने तक आत्मनिर्भर बनाने के लिए दिया प्रशिक्षण

इस कार्यक्रम का आयोजन संयंत्र प्रमुख नुगुरी केशव एवं मानव संसाधन प्रमुख करन मिस्त्री के मार्गदर्शन में किया गया ।इस अवसर पर एचआर डिपार्टमेंट से अनमोल जोशी एवं इआर डिपार्टमेंट प्रमुख पिताम्बर पुरुसेठ, शशिकांत तथा हरिश वर्मा उपस्थित थे। उधर सीएसआर हेड विनोद श्रीवास्तव ने प्रशिक्षण के उपरान्त इन तकनिकी कोर्सो को अधिक से अधिक प्रैक्टिस करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि निरन्तर प्रयास से दक्षता की ओर अग्रसर होगें। सीएसआर अधिकारी ज्योत्सना पति एवं रंजय पाण्डेय ने इस ट्रेड में रोजगार के विभिन्न अवसरों को परिचित करा कर प्रशिक्षणार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए बोले कि यह पाठ्यक्रम का अंत नहीं है, बल्कि यह अवसरों से भरी नए अध्याय की शुरुआत है।

# भारी वाहन की चपेट में आयी गाय की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला

शुक्रवार की रात ग्राम सुहेला के टिगड्डा चौक पर एक भारी वाहन की चपेट में आने से गौ माता की मृत्यु हो गई। घटना के बाद ग्राम के गौ सेवक विष्णु यादव और उनके साथियों ने मिलकर गौ माता का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार किया। उन्होंने जेसीबी से गड्ढा खुदवाकर नारियल, अगरबत्ती, वस्त्र और नमक डालकर विधि विधान से पूजा कर गौ माता का अंतिम संस्कार किया। टिगड्डा चौक में भारी वाहनों का आवागमन हमेशा बना रहता है और इस चौक से होकर चार से पांच बड़ी सीमेंट फैक्ट्रियां भी स्थित हैं। यहां पर 24 घंटे भारी वाहनों का आवागमन होता है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। ग्रामीणों ने बार-बार प्रशासन से मांग की है कि टिगड्डा चौक पर पुलिस व्यवस्था की जाए, ताकि भारी वाहनों के आवागमन पर नियंत्रण लगाया जा सके। यह मार्ग स्कूल, बैंक, तहसील कार्यालय, पटवारी ऑफिस और बाजार जैसी महत्वपूर्ण स्थानों से जुड़ा हुआ है, जिससे यहां यातायात की समस्या अधिक बढ़ जाती है।

▪ ग्रामीणों ने किया सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार

## ग्रामीणों ने प्रशासन से नगर के तिग्गड़ा चौक पर पुलिस की ड्यूटी लगाने मांग की



### गौ माता की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाए सरकार

ग्रामीणों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि गौ माता की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएं और सड़कों पर सुरक्षा व्यवस्था को सख्त किया जाए, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की जनधन की हानि से बचा जा सके। इसके साथ ही गौ सेवकों ने अपील की है कि ग्रामीण अपने-अपने गांव में गौ माता का सम्मान करें और उनकी रक्षा के लिए कदम उठाएं। सुहेला के गौ सेवक विष्णु यादव ने बताया कि गाय भी हमारे घर के सदस्य की तरह होती है। आज रोड एक्सीडेंट में मृत्यु हो गई है। हम जिस प्रकार से अपने परिवार के सदस्यों का अंतिम संस्कार करते हैं, उसी प्रकार से गौ माता का भी अंतिम संस्कार करना हमारी, नैतिक जिम्मेदारी होती है। इसलिए आज उनका विधि पूर्वक से अंतिम संस्कार किया गया।

# आपदा पीड़ित 4 परिवारों के लिए 16 लाख की आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6–4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित 4 परिवार के लिए 16 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है।

उन्होंने मृतक के वैध वारिसान के बैंक खाते में उक्त राशि जमा कराने के निर्देश सम्बंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी को दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील कसडोल अंतर्गत ग्राम मुढ़ीपार निवासी मोहर पिता धरम की आकाशीय बिजली गिरने से, कसडोल निवासी संतोष पिता केजराम की कुआं में डूबने से, तहसील सोनाखान अंतर्गत ग्राम भूसड़ीपाली निवासी रति राम धनवार पिता गुहाराम धनवार की सर्पदंश से, तहसील टुंडरा निवासी आनंद कुंवर पति घसिया की कुआं के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड 6–4 के प्रावधान के अनुसार मृतकों के निकटतम वैध वारिसान को 4– 4 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई।




## कबीर सत्संग समारोह में सुधाकर शास्त्री ने बताया

# बुरी संगति से मनुष्य पतन की राह पर चला जाता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी



अच्छे संस्कार के लिए मनुष्य को सत्संग में आना चाहिए। संतों की संगति में ही अच्छे संस्कार मिलते हैं। बुरी संगति से मनुष्य पतन की राह में चला जाता है। इससे मानव जीवन का लक्ष्य पूरा नहीं हो सकता है। संत गुरुओं की संगत में बैठने मात्र से ही ज्ञान की तरंगें श्रद्धालुओं को प्राप्त होती है। यह बात ग्राम कुसमी में आयोजित तीन दिवसीय कबीर सत्संग समारोह के दूसरे दिन काशी लहरतारा धाम से पधारे धर्माधिकारी सुधाकर शास्त्री साहेब ने कही।

उन्होंने कहा कि अनेक जन्मों के शुभ संस्कार उदय होने पर जीव को मानव तन मिलता है। मानव तन मिलना एक सुअवसर है, जिसको पाकर हरेक व्यक्ति अपना कल्याण कर सकता है। उन्होंने कहा कि एक अलग तरह की आभा सदगुरु और संतों के शरीर से निकलती है। उनके निकट बैठने से ही उसका प्रकाश अनायास ही श्रद्धालु को स्थानांतरित होने लगता है। इस तरह संतों के सानिध्य पाकर मनुष्य में आमूलचूल परिवर्तन होने लगता है। सद्विचारों के तरंगें उनमें प्रवाहित होने लगती है। धर्माधिकारी साहेब ने कहा कि हरेक व्यक्ति को सत्संग में जरूर बैठना चाहिए। सत्संग ही आपके बुरे कर्मों को सुधार कर सद्कर्म की ओर प्रेरित करेगा। रविवार 30 मार्च को समारोह का समापन होगा। इस दिन चौत्र शुक्ल प्रतिपदा है, अर्थात हिन्दू नववर्ष का प्रारंभ होगा। सत्संग के साथ नव संवत्सर का उत्सव भी मनाया जाएगा। शनिवार को सत्संग समारोह में प्रमुख रूप से महंत दानेश्वर साहेब, विजय वैष्णव, महंत गैंदराम, उदय दास, दशरथ साहू, रामकुमार साहू, दिलीप साहू, लक्ष्मीनाथ साहू, अनेक ग्रंथ मण्डली, कुसमी वासियों के अलावा आसपास के ग्रामों के श्रद्धालुगण बड़ी संख्या में मौजूद थे।

